Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा- तीसरी

विषय- हिन्दी साहित्य शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला -3

उपविषय : पाठ-5 श्रम का महत्त्व के प्रश्नोत्तर

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा तीसरी की हिन्दी साहित्य की पाठ्यपुस्तक तरंग हिन्दी पाठमाला भाग-तीन में दिए पाठ-5 श्रम का महत्त्व के लिखित प्रश्नोत्तर को करेंगे।

लिखित

प्रश्न 1. किसान के लड़कों के नाम क्या थे ?

उत्तर- किसान के दो लड़के थे। बड़े लड़के का नाम राजू तथा छोटे लड़के का नाम सूरज था।

प्रश्न 2. किसान ने अपनी ज़मीन का बँटवारा कैसे किया ?

उत्तर- किसान ने दोनों लड़कों के बड़े हो जाने पर उन्हें अपनी आधी-आधी ज़मीन बाँट दी और खेतों में काम करने वाले आदमी भी बराबर-बराबर संख्या में बाँट दिए।

प्रश्न 3. किसान के दोनों लड़कों में क्या अंतर था ?

उत्तर - किसान का बड़ा लड़का राजू सुस्त और

कक्षा- तीसरी

विषय- हिन्दी साहित्य शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

आलसी था तथा छोटा लड़का सूरज बहुत परिश्रमी था।

प्रश्न 4. राजू अपने आदमियों से क्या कहता था ?
उत्तर- राजू आलसी होने के कारण अपने खेतों की ओर देखने तक नहीं जाता था। वह अपने आदमियों से कहा करता था-जाओ, खेतों में जाकर काम करो।

प्रश्न 5. सूरज अपने आदमियों को कब पुरस्कार देता था ?
उत्तर- सूरज अपने आदमियों को तब पुरस्कार देता था जब वे सूरज को अधिक काम करके दिखाते थे।

गृहकार्य

सभी छात्र इन प्रश्नोत्तर को अपनी-अपनी हिन्दी साहित्य की कॉपी में लिखेंगे और याद भी करेंगे। सभी इस कार्य को साफ़ व सुन्दर लिखाई में लिखेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]